THE CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL, 1987 (TO AMEND ARTICLE 78.)

SHRI CHITTA BASU (West Bengal): Sir, I move for leave to introduce a Bill furher to amend the Constitution of India.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI CHITTA BASU: Sir, I introduce the Bill.

THE CONSTITUTION (AMENDTIES OF MINISTERS AND MEMBERS OF PARLIAMENT BILL, 1986-Contd.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA (Uttar Pradesh): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Constitution of India.

The questton was put and the motion was adopted.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Sir, I introduce the Bill.

THE DECLARATION AND PUBLICATION OF ASSETS AND LIABILITIES MINISTERS AND MEMBERS OF PARLIAMENT BILL, 1986. Contd.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : (उत्तर प्रदेश) माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैंने जो वर्तमान विधेयक प्रस्तुत किया है, वह इस आशा के साथ प्रस्तुत किया है कि इस में मुझे माननीय विपक्ष के सदस्यों का और सत्ता पक्ष के सदस्यों का और जो स्वतंत्र सदस्य हैं, सब का समर्थन प्राप्त होगा ।

मान्यवर, आज देश में जो राजनैतिक वृत्ति है, उसे बहुत ही संदेह और शक की दृष्टि से देखा जाता है, हालांकि मैं इस बात को मान कर चलता हूं कि राजनैतिक लोग आम तौर से ईमानदार होते हैं । लेकिन केवल ईमानदार होना ही आज के जमाने में ठीक नहीं है, बल्कि जो आम जनता है, जो सदस्य है, जो साधारण जनता है उनमें भी इस बात का विश्वास होना चाहिए कि जो राजनीतिक लोग हैं, चाहे संसद के सदस्य हैं, राज्य सभा या लोक सभा के, या विधान सभा के या किसी पंचायत, या नगरपालिका या स्वायत्त संस्थाओं के सदस्य ईमानदार हैं ।

इसलिए, मान्यवर, जो मैंने यह विधेयक प्रस्तुत किया है, जिसका नाम--

The Declaration and Publication of Assets and Liabilities of Ministers and Members of Parliament Bill, 1986

जिसके लिए हिन्दी में कहा गया है "मंत्रियों तथा संसद सदस्यों को आस्तियों और दायित्वों की घोषणा और प्रकाशन विधेयक इसमें इस बात की चर्चा है कि --

A bill to provide for the declaration and publication of assets and liabilities of Ministers and Members of Parliament and their family members and for matters connected therewih.

मान्यवर, इस विधेयक को प्रस्तुत करते समय जोकि सदन में 21 दिसम्बर, 1986 को पेश किया गया था, उसके उद्देश्य और कारणों में मैंने इस बात की चर्चा की है कि --

"For a healthy democracy clean and honest public life is a must. The representatives of the people should be above suspicion. It is at the level of Ministers including the Prime Minister and Members of Parliament that corruption has to be first stamped out lock, stock and barrel. It must appear that the Ministers and Members are functioning honestly and that they have not misused their positions. It is, therefore, proposed to make it mandatory for every Minister and Member of Parliament to furnish a statement of his assets and liabilities and that of his family members from time to time to the respective Presiding Officers who will cause the same to be published in the Official Gazette and laid on the Table of the House.

मान्यवर, हमारे देश में जब अंग्रेजों का शासन था, उस समय इस देश की आजादी की लड़ाई को राष्ट्रपिता महात्मा

गांधी के नेतृत्व में अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लड़ा था और उसी के फलस्वरूप इस देश को आजादी हासिल हुई है, 15 अगस्त, 1947 को और 26 जनवरी, 1950 को हमारा देश गणतंत्र के रूप में परिवर्तित हुआ और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों और महात्मा गांधी के परिश्रम और उनके परिश्रम और उनके त्याग और बलिदान का ही यह फल है कि आज इस देश में राज्य सभा चल रही है और लोक सभा चल रही है और इस देश में अन्य विधान सभायें या अन्य विधान मंडल चल रहे हैं । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का बराबर यह विचार था और वह बराबर इस बात का प्रचार भी किया करते थे कि जो लोग सार्वजनिक जीवन में हैं, जो लोग राजनीतिक जीवन में हैं, उनका अपना व्यक्तिगत आचरण, चाहे उनका व्यक्तिगत आचरण सार्वजनिक जीवन का था उनके प्राईवेट जीवन का दोनों बिलकुल शुद्ध होने चाहियें । और उसमें तनिक भी शक और शंका की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए । यह बात महात्मा गांधी इसलिए कहा करते थे कि जो लोग राजनीतिक जीवन में रहते हैं उनसे सारा देश या इस देश की जनता इस बात की आकांक्षा करती है कि वे ईमानदारी से राज करेंगे और ईमानदारी से सार्वजनिक जीवन में रहेंगे क्योंकि उनके मन में अभिलाषा होती है कि अपने नगर का अपने मोहल्ले का देश के स्तर पर नेतृत्व प्रदान करें । लेकिन जो लोग नेतृत्व प्रदान करते हैं अगर उनके बारे में कोई चर्चा हो जाये कि यह व्यक्ति संदेह के घेरे में है या व्यक्ति के ऊपर यह आरोप है कि इसने बेईमानी की है तो माननीय जो हमारा लोकतंत्र है या जनतंत्र है वह सुदृढ़ नहीं रहेगा । माननीय जार्ज बर्नार्ड शॉ ने भी राजनीतिज्ञों के बारे में कहा था :

"One should not only be honest but he must make the people to know that he is honest."

लोगों में इस बात का विश्वास होना चाहिए, लोगों के मन में यह बात बैठ जाना चाहिए कि जो राजनीतिक लोग हैं जो सार्वजनिक जीवन के लोग हैं वे ईमानदार हैं नहीं हैं बल्कि उनके बारे में कोई भी संदेह या संशय लोगों के मन में नहीं है । माननीय जब हमारे देश ने आजादी प्राप्त की उससे पहले भी सरकारें थीं 1937 में भी सरकार थी जिसमें कांग्रेस की भागीदारी थी मुस्लिम लोग भी थे । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी इसी दिल्ली में जो तीस जनवरी मार्ग पर बिरला भवन है वहां पर प्रार्थना सभा संबोधित किया करते थे । 21 दिसम्बर 1947 को नित्य की प्रार्थना सभा में मालूम है कि महात्मा गांधी को कहना पड़ा कि मैं विश्वसनीय सूत्रों से सुनता हूं कि इस देश में भ्रष्टाचार बहुत बढ़ रहा है । माननीय 1960 में कांग्रेस की जो वर्किंग कमेटी थी उसने एक प्रस्ताव पारित किया । उस समय श्री नालम संजीव रेड्डी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे और सभी लोग जानते हैं कि श्री नालम संजीव रेड्डी केन्द्रीय मंत्री भी थे आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री भी थे बाद में इस देश की लोक सभा के अध्यक्ष भी हुए और अंतिम रूप से वह इस देश के राष्ट्रपति के सर्वोच्च पद पर भी बैठे और राष्ट्रपति पद की गरिमा को बढ़ाया । माननीय 1960 में कांग्रेस पार्टी की वर्किंग कमेटी ने सर्वसम्मति से श्री नालम संजीव रेड्डी की अध्यक्षता में एक प्रस्ताव पारित किया और उस प्रस्ताव का शीर्षक था :

the annual statement of income and assets

और प्रस्ताव यह था :

"The Working Committee authorises the Congress President to require the Congress Ministers of Central and State Government and Songress Member of Parliament and State Legislatures to submit to him (that is the Congress President) annual statements of their assets and income and expenditure."

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

इस बात का प्रस्ताव मान्यवर कांग्रेस की वर्किंग कमेटी में सर्वसम्मति से पारित हुआ कि जो कांग्रेस पार्टी के सांसद है वे अपना दायित्व अपनी आय का लेखा-जोखा और जो खर्च है उसके सिलसिले में प्रतिवर्ष एक विवरण राष्ट्रपति के पास या कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष को प्रस्तुत किया करें लेकिन मान्यवर यह सार्वजनिक रूप में होना चाहिए था इस संबंध में एक विधेयक संसद के द्वारा पारित कराया जाना चाहिए था। कांग्रेस पार्टी के पास जब संस्थानम् कमेटी बैठाई तो उसने कुछ संस्तुति की तो इस तरीके का प्रावधान भी है कि जो मंत्री हैं वे इस संबंध में आमदनी का सारा विवरण अपने मुख्य मंत्री के पास प्रस्तुत किया करते हैं लेकिन फिर भी इस संबंध में कोई कानून नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस देश में भ्रष्टाचार बढ़ता ही गया और यहां तक बढ़ा कि बार-बार भ्रष्टाचार की बात इस देश की इस संसद् में जनता ने उठाई तो मृतक प्रधान मंत्री बराबर इस बात को कहती रहीं कि यह भ्रष्टाचार से क्या होता है

corruption is worldwide phenomenon

सारी दुनिया में भ्रष्टाचार है अगर भारत में भ्रष्टाचार है तो इससे क्या होता है।

मान्यवर जहां तक मुझे याद पड़ता है सन् 1963 में उस वक्त कांग्रेस पार्टी के श्री संजीव जी थे या कामराज नाडार थे 20 दिसम्बर 1963 को मान्यवर जो कांग्रेस के प्रेसीडेंट थे उन्होंने इस संबंध में कांग्रेस के सेशन में ही एक वक्तव्य दिया उसका मैं उद्धरण करना चाहूंगा। उनका कहना था :

"Since Congress came to power after the freedom struggle was over, paupers have become millionaires. There are Ministers who owned not even a cycle when they took office. But today they have a fleet of cars and limousines, that is large and luxurious cars"

तो मान्यवर, इस तरह के का जो कांग्रेस प्रेसीडेंट ने अपना वक्तव्य दिया, यह आम तौर पर हरेक के ऊपर आक्षेप हुआ। मैंने शुरू में ही निवेदन किया कि राजनैतिक जिंदगी में ऐसे लोग होते हैं, जो कि सत्ता पार्टी में होते हैं, ऐसे लोग भी होते हैं जो विपक्ष-पार्टी में होते हैं और ऐसे भी लोग होते हैं, जो किसी भी दल में नहीं होते। लेकिन आम तौर से जब इस बात की चर्चा की जाती है तो आम जनता यह समझती है कि सारे राजनीतिक लोग जो हैं, बेईमान हैं, भ्रष्ट हैं, और यह बेईमानी करते हैं, अवैध स्रोतों से यह रुपया इकट्ठा करते हैं। इस बात की चर्चा भी आज सारे देश में चल रही है, बोफोर्स काण्ड की चर्चा हो रही है जगह-जगह और मजबूर होकर के प्रधान मंत्री जी को लोक सभा में वक्तव्य देना पड़ा कि मेरे बारे में लोग शक कर रहे हैं; मेरे बारे में लोग संदेश कर रहे हैं और मेरे या मेरे परिवार के लोगों ने कोई भी पैसा कमीशन के रूप में नहीं लिया है। इसलिए मेरा निवेदन है कि यह जो विधेयक मैंने प्रस्तुत किया है, इसको निश्चित रूप से सरकार को मानना चाहिए।

इसके बाद मान्यवर, मैं जैसा निवेदन कर रहा था कि इस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए अभी लोक सभा ने उस विधेयक को पारित कर दिया है प्रिवेंशन आफ करप्शन एक्ट, राज्य सभा में आया नहीं है, लगता है कि अगले सत्र में पारित होगा। लेकिन यह संथानम कमेटी जो बनी थी, जब लाल बहादुर शास्त्री जी गृह मंत्री थे तो के० एस० संथानम, जो कि मध्य प्रदेश के विंध्या प्रदेश के थे, लोक सभा सदस्य थे, उनकी अध्यक्षता में संथानम कमेटी बनाई थी। जब लोक सभा में इस बारे में चर्चा हुई और राजनीतिकों पर कुछ आरोप लगाये गए तो लाल बहादुर शास्त्री जी ने श्री संथानम समिति बनाने के सिलसिले में गृह मंत्रालय की अनुमति मांगे पर जब चर्चा हो रही थी जून 1962 में उन्होंने गृह मंत्री के रूप में उस चर्चा में हस्तक्षेप किया।

मान्यवर, उस दिन चर्चा करते हुए लाल बहादुर जी ने कहा चूंकि भ्रष्टाचार के बारे में बहुत चर्चा की है और इस बात की भी शिकायत आई कि कुछ राजनीतिक लोग अवैध रूप से अपार सपत्ति अर्जित कर रहे हैं, इसलिए जरूरी है कि श्री के० एस० संथानम की अध्यक्षता में समिति बनाई जाय, जिसमें कुछ राजनीतिक लोग भी रहे, जिनमें कुछ सरकारी अधिकारी भी रहे और सबकी राय से आपस में विचार-विमर्श कर जो समिति संस्तुति करें, उसको सरकार लागू करे। उस समय श्री लाल बहादुर जी ने जो अपना भाषण दिया, उस में संथानम कमेटी की चर्चा की है --

In June 1962, during the debate on the Demands for the Ministry of Home Affairs many Members of Parliament referred to the growing menance of corruption in administration and public life. Replying to the debate, on 6th June 1962, the hon. Minister for Home Affairs. Shri Lal Bahadur Shastri, said,

"I feel that this matter should not be entirely left for consideration in the hands of the Officers. It is desirable that there should be exchange of views between them and public men of experience. Perhaps hon. Members might have read in the paper that I have suggested that a formal Committee should consider the important aspects of the evils of corruption. I therefore propose to request some Members of Parliament and if possible other public men to sit with our own officers in order to review the problem of corruption and make suggestion."

और मान्यवर, बहुत से विद्वान लोग, बहुत से अनुभवि प्रशासनिक लोग इस कमेटी के सदस्य थे, और इन लोगों ने जो सरकारी अधिकारी थे उनके बयान लिए और प्रश्नावली भी जारी की, जगह जगह जाकर ये लोग घूमें, नगरपालिका के जो अध्यक्ष थे, म्यूनिसिपिलटी के चैयरमैन थे, विधायकों के सब के बयान लिए गए मेम्बर आफ पार्लियामेंट के बयान लिए गए, दो केन्द्रीय मंत्रियों के बयान लिए गए और उसके बाद इन्होंने अपनी संस्तुति दी उस वक्त जो सन् 1962 में भ्रष्टाचार था और जो आज है, वह 25 साल पहले इस देश में भ्रष्टाचार पर अपनी रिपोर्ट कमेटी ने दी थी और संस्तुति दी थी। जो विवरण दिया है रिपोर्ट में, उसको मैं उद्धरण करना चाहूंगा क्योंकि आज 25 साल में भ्रष्टाचार कितना बढ़ गया है और यह सर्वविदित है कि कालेधन को लोग अर्जित कर रहे हैं विदेशों में, स्विस बैंकों में लेकर रुपया जमा कर रहे हैं। लेकिन इस तरीके से अवैध रूप से जो पैसा अर्जित करते हैं इस पर रोक लगनी चाहिए।

महोदय, सन 1962 में संथानम कमेटी ने अपनी रिपोर्ट के पैरा 11.2 में जो कहा है, मैं उसको यहां उद्धृत करना चाहूंगा--

"There is a large consensus of opinion that the new tradition of integrity can be established only if the example is set by those who have the ultimate responsibiliy for the governance of India, namely, Ministers of the Central and State Governments. We are convinced that ensuring absolute integrity on the part of Ministers at the Centre and in the States is an indispensable condition for the establishment of the tradition of purity in public services."

"Next to the Ministers integrity of Members of Parliament and of Legislators in the States will be a great factor in creating a favourable social climate against corruption. We are aware that the vast majority of Members maintain the high standards of integrity expected of them. Still it has been talked about that some Members use their good offices to obtain permits, licences, ... "

महोदय, श्री चक्रवर्ती राजगोपालाचारी जो उस देश के पहले गवर्नर जनरल थे उन्होंने कहा था कि यहां परमिट, कोटा और लाइसेंस राज है :

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

"Still it has been talked about that some Members use their good offices to obtain permits, licences and easier access to Ministers and officers for industrialists and businessmen."

इस मंशा से मैंने इस विधेयक को प्रस्तुत किया है कि यदि विधायक और सांसदों का आचरण शुद्ध हो और आम जनता की निगाह में जिनको हम वोट लेकर यहां पर बैठते हैं, हम शुद्ध हों तो हमारा लोकतंत्र इससे निश्चित रूप से मजबूत होगा और लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होंगी ।

श्रीमन्, अब इस विधेयक के जो प्रावधान हैं मैं उनकी चर्चा करूंगा । इस विधेयक के खंड 2 में जो परिभाषा की है मैंने उसमें फैमिली मेंबर में केवल पत्नी, पति या उनके बच्चों को ही नहीं रखा है वरन् जो मंत्री या संसद होते हैं उनके रिश्तेदार भी कोशिश करते हैं कि बिना मंत्री की जानकारी के वे भ्रष्टाचार करें, इसलिए उनको भी इसमें मैंने शामिल किया है जो कि मैंने 21 दिसंबर, 1986 को पेश किया था ।

2. (b) "family-member" in relation to a Minister or member means his or her—

(i) spouse (not being a judicially separated spouse);

(ii) minor children; and

(iii) any other person related to him or her, whether by blood or marriage and whether wholly dependent on him or her or not;

श्रीमन्, खंड 3ए में मैंने इस बात की व्याख्या करने का प्रयास किया है कि कोई भी मंत्री या लोक सभा या राज्य सभा का सदस्य जिस दिन अपने पद को ग्रहण करे उसके तीन महीने के अंदर वह लोक सभा या राज्य सभा जिसका भी वह सदस्य है, उसके सभापति के सामने या अध्यक्ष के सामने या यदि कोई मंत्री है जो कि लोकसभा या राज्य सभा का सदस्य नहीं है क्योंकि इस देश में कोई भी मंत्री जो इन दोनों का सदस्य न हो 6 मास तक मंत्री बना रह सकता है ऐसे मंत्री को लोक सभा के अध्यक्ष के सामने तीन महीने के अंदर अपनी संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करना चाहिए । इसके लिए जो फार्म होगा उसका आकार और विवरण भी मैंने इस विधेयक में लगा दिया है जिसे यहां पढ़ने की कोई जरूरत नहीं है । इसी तरीके से धारा 3 में इस बात की चर्चा की गई है कि यदि कोई मंत्री या सदस्य की सदस्यता समाप्त हो जाए तो तीन महीने के अंदर उसको सारा विवरण प्रस्तुत करना चाहिए कि क्या उसकी हैसियत थी, क्या उसका कर्जा था और क्या उसकी संपत्ति थी । इसी तरीके से इस बात की व्याख्या इसमें है जब तक और भी मंत्री, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य अपने-अपने पद पर रहें प्रतिवर्ष साल भर में एक बार 30 जून तक इस प्रकार का विवरण अपने प्रेजाइडिंग आफिसर के पास दें और धारा 6 में इस बात की मैंने व्यवस्था की है कि यह विवरण उनके पास पहुंच जायेगा तब जो सरकारी गजट है उसमें उनका विवरण प्रकाशित किया जाये । इससे क्या होगा कि सभी लोगों को इसकी जानकारी हो जायेगी । जो हमारे मतदाता हैं उन्हें भी जानकारी होगी । जो चरित्र हनन करते हैं उन की भी जानकारी हो जायेगी । स्वयं भी राजनीतिक इस बात की स्थिति में होंगे कि वह बता सकेंगे कि हमारी क्या हैसियत थी और आज हमारी क्या हैसियत है । अवैध रूप से कोई धन या सम्पत्ति हमने जमा नहीं की है । इस सम्बन्ध में सन् 1963 में प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के माननीय सदस्य थे, हम भी प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में थे, श्री हरिविष्णु कामथ, यह आई०सी०एस० थे और मध्य प्रदेश के हाशंगाबाद चुनाव क्षेत्र से चुन कर आये थे। आई०सी०एस० की नौकरी को छोड़ कर सुभाष बाबू के तरीके से उन्होंने भी आजादी की लड़ाई लड़ी और बड़े विद्वान सदस्य थे । जो हमारा संविधान बन रहा था उसमें भी उनका विद्वतापूर्ण भाषण हुआ था ।

संविधान बनाते समय उन्होंने इस प्रकार का विचार प्रकट किया था और 1963 में उन्होंने लोक सभा में इस प्रकार का विधेयक भी रखा था लेकिन वह केवल मंत्रियों के सम्बन्ध में था। उसका नाम था डिसक्लोजर आफ असेट्स बाई मिनिस्टर्स 1963 बिल। 3 मई, 63 को लोक सभा में विधेयक प्रस्तुत किया गया था। 4-5 दिन नान आफिशियल डे पर उस पर बहस हुई। उस वक्त सरकार ने आश्वासन दिया था। उस वक्त उन्होंने इस बात का जिक्र किया था कि ऐसे लोग भी हैं जिनके पास एक भी साइकिल नहीं थी जब वह मैम्बर बन कर आये थे और जब मैम्बरशिप से रिटायर हुए तो करोड़ों रुपये की सम्पति लेकर गये, लम्बी-लम्बी गाड़ियां उनके पास हो गयीं। जब कामथ साहब ने इस बात को रखा था तो सरकार ने आश्वासन दिया था कि सरकार इस सम्बन्ध में विचार करेगी और जो कुछ भी सम्भव होगा वह कदम उठायेगी। लेकिन उसके बाद उस पर कुछ नहीं हुआ। उसके बाद इस दिन में श्री सदाशिव बगाइतकर, सोशलिस्ट पार्टी ने भी 16 मार्च, 79 को इस प्रकार का विधेयक पेश किया था। जिसका नाम था: डिक्लेरेशन एण्ड पब्लिक स्क्रूटनी आफ असेट्स आफ मिनिस्टर्स एड एम०पी० बिल, 1981। कई दिन तक उस पर भी चर्चा हुई, बहस हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की ओर से इसमें हिस्सा लिया गया। दोनों पक्षों ने इसका स्वागत किया। लेकिन 5 मार्च, 1982 को वह अस्वीकार हुआ। अस्वीकृत करते समय जब मतदान हुआ तो उस दिन सत्ता पक्ष की ओर से आश्वासन दिया गया कि इस सिलसिले में कार्रवाई की जायेगी। लेकिन कुछ नहीं हुआ। माननीय, उसके बाद केंद्रीय सरकार में आज भी एक मंत्री हैं श्री राजेश पायलट, नौजवान सदस्य हैं, उन्होंने 1981 में इस प्रकार का विधेयक प्रस्तुत किया था लोक सभा में। 4 सितम्बर, 1981 को यह विधेयक रखा गया। इसका नाम था: डिक्लेरेशन आफ असेट्स एंड लाईबिलिटीज बाई मैम्बर्स आफ लोक सभा एंड राज्य सभा। कई दिन तक इस पर भी बहस हुई। 6 मई, 83 को वाद विवाद के बाद राजेश पायलट ने अपने विधेयक को वापस ले लिया। जिस वक्त वापस लिया 6 मई, 83 को श्री निहार रंजन लस्कर जो शायद उस वक्त गृह मंत्री रहे होंगे, लोक सभा में आश्वासन दिया था और आश्वासन स्पष्ट था कि इस विधेयक के पीछे जो भावना है, जो मंशा है उससे हमारी सरकार सहमत है। निकट भविष्य में जरूर कोई न कोई कदम उठायेगी। 6 मई, 1983 का यह आश्वासन था:

"I would like to say that there can be no disagreement on the spirit of the Bill. The spirit behind the Bill is to ensure that Members of Parliament remain honest and do not misuse their power in any manner in order to obtain any personal gain either for themselves or their family members."

3.00 P.M.

"Naturally, the Government is in full agreement wih the spirity of the Bill which is before the House."

और इसी प्रकार से कांग्रेस पार्टी के लोक सभा के सदस्यों ने इस प्रश्न को उठाया था। 23 फरवरी, 1983 को श्री कमल नाथ ने लोक सभा के नियमों के अनुसार स्पेशल मेंशन के माध्यम से इस प्रश्न को उठाया था। तत्कालीन गृह राज्य मंत्री श्री लश्कर का आश्वासन मैंने आपकी अनुमति से सदन के समक्ष रखा है। उस आश्वासन का आज तक अनुपालन नहीं किया गया है। खुद मंत्री जी ने इस विधेयक का आश्वासन दिया था और यह कहा था कि उनकी सरकार इससे पूरी तरह से सहमत है और उन्होंने अपने भाषण में इस बात की भी चर्चा की थी कि निकट भविष्य में इस प्रकार का विधेयक लाया जाएगा। लेकिन बहुत दुःख होता है कि बार-बार जब से हमारा देश आजाद हुआ है, इस प्रकार के आश्वासन दिये जाते रहे हैं, लोक सभा में भी और राज्य सभा में भी, सदन के बाहर भी और सदन के अन्दर भी, लेकिन उन आश्वासनों की पूर्ति

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

नहीं की गई है। आज एक ऐसा वक्त आ गया है जब हमारे राजनीतिज्ञों की छवि धूमिल होती जा रही है। ऐसी स्थिति मे छवि को साफ, उज्जवल और स्वच्छ बनाने के लिए सरकार को अगले सत्र में इस प्रकार का विधेयक अवश्य लाना चाहिए। मेरा जो विधेयक है उसको देखकर आप उसका परीक्षण करा लें। उसमें अगर कोई खामियां, त्रुटियां आदि हैं तो उनको आप पूरा करा के इसी प्रकार का विधेयक ला सकते हैं। आज क्या हो रहा है। इस बात की चर्चा होती है कि अरबों-अरबों रुपया भारतीयों का जो उन्होंने भारत में रह कर कमाया है, उसको उन्होंने विदेशी बैंकों में जमा कर दिया है। चाहे वे राजनीतिज्ञ हों या दूसरे नागरिक हों, उन्होंने यह रुपया भारत में रहकर कमाया है, चाहे अवैध ढंग से ही कमाया हो। वे अवैध ढंग से किस तरीके से इस पैसे को पैदा करते हैं, इस समय उसमें जाने की जरूरत नहीं है। यह रुपया वे विदेशों में जमा करके इन्कम टैक्स की चोरी करते हैं, वेल्थ टैक्स की चोरी करते हैं और इस देश के पैसे को विदेशों में जमा करते हैं। इसी सदन में इस विषय पर बहस हो चुकी है। एक रिपोर्ट है—रिपोर्ट आफ ए स्टेडी बाई दी नेशनल इंस्टिट्यूट आफ पब्लिक फाइनेन्सेस एण्ड पालिसी बाई आर०जे० चेलिया। इसमें चेलिया साहब ने इस बात की चर्चा की है कि किस तरीके स रुपया आज इस देश में इकट्ठा होता है, उसके क्या-क्या स्रोत हैं। इसी की चर्चा करते हुए किकबैक का भी जिक्र आता है। बोफर्स के मामले में और फेयर फेक्स के मामले में जब किकबैक की चर्चा आई तो मैंने इसकी परिभाषा जानने की कोशिश की। पता चला कि जो सरकारी खरीद होती है या जो राशि दलाली में ली जाती है उसको किकबैक कहते हैं। 1985 की रिपोर्ट पर जब श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी वित्त मंत्री थे तो इसकी चर्चा हुई थी। इसके पृष्ठ 28 का उद्धरण मैं देना चाहता हूं। किस प्रकार से राजनीतिज्ञ लोग जो सत्ताधारी पक्ष के हैं, किकबैक की रकम इकट्ठा करते हैं। वे करोड़ों और अरबों रुपया जो सरकारी खरीद होती है उससे इकट्ठा करते हैं। मैं इसका उद्धरण देना चाहता हूं—

It is written on page 28:

"So the scope for making black incomes through kickbacks, cuts and commissions on government projects, programmes and purchases is today far greater. Furthermore, there are strong indications that political involvement in such transactions has grown enormously."

यह राजनीतिज्ञों या राजनैतिक लोगों — की भागीदारी के संबंध में है—

"In earlier years the need for political finance was largely met through discretionary control over licences and permits."

इसकी चर्चा संथानम् कमेटी ने भी की है—

"with contributions made by private industrialists and traders either as direct *quid pro quos* or in exchange for explicit or implicit assurances of generally easy access to licenses and permits."

यह बहुत महत्वपूर्ण बात है। आज का जो वातावरण है उसमें इस देश के प्रधान मंत्री भी संदेह के घेरे में आ गये हैं।

"Today we are told a great deal of political finance is raised from purchases, sales and contracts awarded by different levels of Government and public sector agencies with orders placed abroad being particularly lucrative propositions."

तो मान्यवर, इसकी चर्चा राजा चैलेया ने 1985 में जो रिपोर्ट यहां पर प्रस्तुत की गई थी उसमें किया था और उसमें मान्यवर, उन्होंने चर्चा करते करते

इस बात का भी जिक्र किया था कि किस तरह से लाइसेंस और परमिट में अवैध रूप से धन इकट्ठा किया जाता है। उसका कारण क्या है और कारण में उन्होंने दो मुख्य बातें गिनाई। एक तो उन्होंने यह कहा कि

"Grant of licences and permits in return for bribes or political contributions."

फिर दूसरा उन्होंने जो कारण बताया वह यह है कि

"Contributions to political authorities at various levels, ostensibly to finance elections and post-election manipulations."

मान्यवर, इसमें इस बात की चर्चा की गई है। मैं इसके जरिये से निवेदन करना चाहूंगा कि अब वह समय आ गया है जब सरकार को इस विधेयक को स्वीकार कर लेना चाहिए।

मान्यवर, इसी तरीके से जस्टिस वांचू कमेटी बनी थी। जस्टिस वांचू पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट में जज थे और फिर सुप्रीम कोर्ट में जज हुए और यहां से चीफ जस्टिस होकर रिटायर हुए। 1971 में उन्होंने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उसमें मान्यवर, उन्होंने कालेधन की चर्चा की है और कालेधन की व्याख्या भी की है। कालेधन के बारे में उन्होंने कहा कि यह करोड़ों रुपया होता है, जो अवैध ढंग से इकट्ठा किया जाता है, इनकम टैक्स की चोरी करके या इसी तरीके से लाइसेंस दिलवाने के सिलसिले में या परमिट दिलवाने के सिलसिले में दिया जाता है और इस रुपये को छिपाकर रखते हैं। यह वही रुपया है, जो मान्यवर, विदेशों में जा रहा है। राजा चैलैया ने 1985 में, अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उनके आंकड़ों के ाब से—जब कि हमारे हिसाब से, रुपया इससे कहीं अधिक है— 84–85 में 37 हजार करोड़ रुपया लेकर 40 हजार करोड़ रुपया रत में यह काला धन था। मान्यवर, समें उन्होंने यह भी चर्चा की थी के ये कालेधन वाले जो लोग हैं, ये अपनी समानान्तर सरकार चलाते हैं, सामानान्तर व्यवस्था चलाते है। जो तस्कर लोग हैं, यदि उनको आप गिरफ्तार करेंगे तो अदालत से उनकी जमानत हो जायेगी। कितना भी सख्त से सख्त कानून बना लीजिये, लेकिन जो पुलिस का तरीका है, जो प्रोसीक्यूटिंग इन्सपैक्टर है, वह चार्ज-शीट बनाने में कोई खामी कर देगा। यहां तक हुआ है कि आर्थिक अपराध हुआ और उस संबंध में एक बहुत बड़े उद्योग-पति को गिरफ्तार किया गया। मैंने भी बीस साल तक वकालत की है लेकिन आज तक मैंने कभी नहीं सुना कि किसी व्यक्ति को सुप्रीम कोर्ट का जज आधी रात को छुट्टी के दिन अपने घर पर जमानत ले ले। लेकिन वह चूंकि उद्योग-पति था, बड़ा आदमी था मैं नहीं जानता कि किन परिस्थितियों में उनकी जमानत हुई, लेकिन यह एक कटु सत्य है कि छुट्टी के दिन, इतवार के दिन, आधी रात को उस उद्योगपति की जमानत सुप्रीम कोर्ट के जज ने अपने घर में ली। राजनैतिक लोग पकड़े जायेंगे, हमारे जैसे लोग पकड़े जायेंगे तो हम जमानत पर नहीं छोड़ेंगे। लेकिन उद्योगपति की जमानत सुप्रीम कोर्ट का जज छुट्टी के दिन आधी रात को अपने घर में लेता है तो इससे निश्चित रूप से मन में शंका होती है। इसीलिये जस्टिस वांचू ने अपनी रिपोर्ट में इस बात की व्याख्या करने की कोशिश की थी कि काला धन क्या होता है, वह किस तरह से अर्जित होता है, इससे किस प्रकार से जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांत है उनका हनन होता है, उनकी हत्या होती है। मान्यवर, ज्यादा विचरण में जाने की जरूरत नहीं है। जस्टिस वांचू ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि :

"Over the years, the parallel economy has grown in size and dimensions. Almost every sign of distress and human misery would appear to have been manipulated by anti-social elements to boost the parallel economy".

बिहार की चर्चा आ रही है। बिहार आज बाढ़ ग्रसित है। लेकिन वहां की चर्चा क्यों आ रही है क्योंकि वहां जो

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

बडे बड़े तटबंध हैं, जो बांध बांधते हैं, उसमें वहां के इंजीनियर और भ्रष्ट ठेकेदार तथा ये जो भ्रष्ट राजनैतिज्ञ हैं, उनकी मिली भगत से, उनकी साजिश से कमजोर बांध बंधते हैं, कमजोर तटबंध बनते हैं और यहां तक कि उनको तोड़ भी देते हैं।

बिहार का काफी हिस्सा जो बाढ़ से ग्रसित है और वहां के जो गरीब लोग हैं उनको भूखा रहना पड़ता है, दो वक्त की रोटी नहीं मिलती है, वे बेचारे बाढ़ से त्रस्त हैं। सारे देश की जो आर्थिक व्यवस्था है इस पर जो संकट है इस पर जस्टिस वांचू ने आगे कहा है—

This shatters the faith of the common man in the dignity of honest labour and virtuous living. It is ,therefore, no exaggeration to say that black money is like a cancerous growth in the country's economy, which, if not set right in time, is sure to lead to its ruination.

तो मान्यवर, इस तरह की चाहे संथानम रहे हो, चाहे जस्टिस वांचू रहे हों या बी० के० नेहरू, जो जम्मू काश्मीर के गवर्नर थे उनकी भी रिपोर्ट इस प्रकार की है। क्यों नहीं सरकार सख्ती से इस मामले में कदम उठाती ताकि जो भ्रष्टाचार का कैंसर है इस देश से समाप्त हो। अभी परसों ही सदन में स्वतन्त्रता सेनानियों की पेंशन के सम्बन्ध में बहस हो रही थी। माननीय सदस्यों ने आरोप लगाया कि स्वतन्त्रता सेनानी जिन बेचारों ने अपनी सारी जिन्दगी का बलिदान कर दिया सारी सुविधाएं अंग्रेजों के जमाने में बलिदान कर दी, त्याग किया उन में से जो थोड़े से लोग बचे हैं उन स्वतन्त्रता सेनानियों को सरकारी भ्रष्टाचार के कारण पेंशन नहीं मिलती है। भले ही मंत्री जी की नियत साफ है मंत्री जी भी चाहते हैं लेकिन भ्रष्ट सरकारी अधिकारी उसको होने नहीं देते। चर्चा की गई कि स्वतंत्रता सेनानी बसावन सिन्हा जिनको सारा देश जानता है, श्री शील भद्र याजी, वह भी इत्तेफ़ाक से बिहार के हैं। वह भी स्वतन्त्रता सेनानियों के अध्यक्ष हैं उनके द्वारा दिये गये प्रमाण पत्र को भी सरकारी अधिकारी नहीं मानते। तो आखिर कब इस देश में भ्रष्टाचार खत्म होगा? खत्म तो पता नहीं होगा या नहीं होगा, लेकिन कम तो करने की कोशिश की जा सकती है। श्री गूलजारी लाल नन्दा गृह मंत्री थे, उन्होंने भ्रष्टाचार को खत्म करने का बीड़ा उठाया था। भ्रष्टाचार तो खत्म नहीं हुआ लेकिन वे चले गये। इसलिए मुझे सरकार की नीयत पर शक हो रहा है और यह इसलिए हो रहा है कि तमाम देश की जनता की मांग जन-प्रतिनिधियों की मांग के बावजूद सत्ता पक्ष के सदस्यों की मांग के बावजूद सरकार इस विषय पर विधेयक क्यों नहीं लाई। कितना रुपया विदेशों में है इसके आंकड़े भी मेरे पास है। यह मेरे पास एक पाक्षिक पत्रिका 'योजना' है केन्द्रीय सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा प्रकाशित होती है और भारत सरकार प्रेस में मुद्रित होती है, छापी जाती है। यह कोई आवश्यक नहीं कि इस में जितनी भी चीजें हैं, वह सरकार की बात हो, लेकिन फिर भी 'काले धन की काल कोठरी—विदेशी बैंक' के ऊपर एक लेख है। यह पत्रिका 16 मार्च से 31 मार्च 1987 तक की है और काफी आंकड़ों के साथ विद्वान लेखक ने इस बात की चर्चा की है कि किस तरीके से भारत देश के उद्योगपति, बड़े बड़े सरकारी अधिकारी और भ्रष्ट राजनीतिक लोग आपस में सांठगांठ कर के इस देश की जनता का पैसा लूट रहे हैं और विदेशों में इस प्रकार से अवैध धन इकट्ठा कर रहे हैं। विदेशी बैंकों में भारतीय धन के बारे में अभी गढवी साहब का पिछले सप्ताह इस सदन में या लोक सभा में स्वीकार करना पड़ा कि 19 भारतीयों के खाते पकड़े गये हैं यह कौन हैं मैं नहीं जानता हूं लेकिन भारतीय हैं। विदेशी बैंकों में भारतीय धन स्विटजरलैंड के खातों में नम्बर दो का कुल कितना धन जमा है उसका केवल एक प्रतिशत भारतीय नागरिकों का है। यह राशि 20–25 हजार करोड़ रुपये के बीच में केवल स्विटजरलैंड में है। इसके अतिरिक्त इक्वेडोर में, हांगकांग में, न्यू जरसी में,

मारीशस और बाहमास के बैंकों में भी भारतीयों के करीब करीब 10 हजार करोड़ रुपये स अधिक जमा हैं । अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अपनी रिपोर्ट में जानकारी दी है कि स्विस बकों में भारतीयों के 1332 करोड़ रुपये जमा हैं । दरअसल यह राशि तो वह है जिसकी पहचान हो गयी है लेकिन वास्तविक राशि इससे कई गुना अधिक है । 14 नवम्बर, 1986 को भारतीय धन के विदेश पलायन पर तत्कालीन विदेश मंत्री, यानी श्री विश्वनाथ प्रताप सिंहजी ने लोक सभा में बयान देते हुए इन अमीर भारतीयों को राष्ट्र विरोधी कहा और विदेशी मुद्रा नियमन कानून "फेरा" को उदार बनाने के लिए कदम उठाये गये । मुद्रा कोष ने अपने अध्ययन मे आगे कहा है कि भारत से धन और पूंजी की स्विस बैंकों में पलायन की रफ्तार बहुत तेज है और एक एक खेप में सैंकड़ों करोड़ रुपया देश से बाहर जा रहा है। मुद्रा कोष की रिपोर्ट से आरोप पुष्ट होता है । गत एक वर्ष के दौरान 400 करोड़ रुपये देश से बाहर भेजे गये । खबर है कि पिछले दिनों भारतीयों द्वारा विदेशी बैंकों में धन जमा कराने में आश्चर्यजनक रूप से बड़ी तेजी आई है । जिस देश में करीब 40 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे हों, वहां 25,000 से 30,000 करोड़ रुपये विदेशी बैंकों में जमा कराने वाले लोग निश्चित रूप से देशद्रोही हैं । वित्त मंत्री के अतिरिक्त मुद्रा कोष ने भी कहा है कि बेईमान भारतीय व्यापारी विदेशी खरीददार या विक्रेता की सांठ गांठ से जैसा बोफोरस कांड के सिलसिले में चर्चित है--फर्जी बीजक बनाकर अपने देश को धोखा देते हैं । इस प्रकार सौदों के फर्जी कागजात तैयार करके भारी मात्रा में अर्जित धन विदेशी बैंकों में जमा करा दिया जाता है। ऐसे मामलों में कई प्रमुख लोगों की सांठ गांठ होती है । पिछले वर्षों के दौरान विदेशों में धन जमा करने का एक प्रमुख रास्ता रहा है, फर्जी बीजक तैयार करना अर्थात् बीजक के सौदे की असल रकम से ज्यादा या कम बताना । देश के धन को बाहर भेजने का दूसरा रास्ता है हीरे बनाकर बाहर भेजना ।

यह मान्यवर बहुत ही शर्म और दुख का विषय है कि भारत की विदेश में ऐसी चर्चा हो और आज राष्ट्रीय स्तर पर भी नहीं अन्तर्राष्ट्रय स्तर पर भी इस बात की चर्चा चल रही है कि भारत में जो सत्ताधारी लोग हैं या भारत में जो राजनीतिक लोग हैं ये भ्रष्ट तरीके से रुपया इकट्ठा करते हैं । इसी प्रकार से 15 अगस्त का "योजना" इश्यू है अंग्रेजी का मद्रास के एक बहुत विद्वान लेखक हैं उनका नाम है डा० मैल्कम एस० आदिशेषया ।

श्री गुलाम रसूल मट्टू (जम्मू और कश्मीर) : हमारे मेम्बर रहे हैं ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : राज्य सभा के सदस्य भी थे, मद्रास इंस्टीट्यूट आफ डेवलपमेंट स्टडीज के चेयरमैन भी है और जैसा कि गुलाम रसूल मट्टू साहब ने जानकारी दी कि ये राज्य सभा के सदस्य भी थे । इत्तिफाक से यह लेटेस्ट है इसमें भी उन्होंने ब्लैक मनी एण्ड करप्शन की चर्चा की है, पृष्ठ 15 पर "योजना" अगस्त स्पेशल, 1987 :

This is from YOJNA dated 15th August, page 15:

"BLACK MONEY AND CORRUPTION

A second serious drawback has been that even as the economy has grown, the underground economy, consisting of incomes and wealth generated by tax evasion, smuggling and all manner of illegal dealings, has grown even faster. An officially sponsored study on the volume of black money in the country places its value at over one third of the Gross Domestic Product. I myself place it at nealy 40 per cent. One effect of the black money is that it reduces the effectiveness and distorts the aims of the Plan and targets of the regular economy. The most deleterious feature of the black economy, however, is the growing corruption in society. Every transaction big or small involves the passing of money un-

[श्री सत्य प्रकाश मालवीय]

der the table. This cancer of corruption has reached such proportions that few in the economy seem able to escape it or its outreach. The last manifestation of this is the report of the International Monetary Fund that over Rs. 1800 crores, per annum are slashed away illegally in secret accounts in one country, Swizerland by Indian nations."

मान्यवर मैं निवेदन कर रहा था कि अगर इस प्रकार का विधेयक इस देश में होता और इस प्रकार की आवश्यकता होती इस देश के सांसदों और विधायकों के लिए और उत्तर प्रदेश में इस प्रकार का विधेयक है विधान सभा के सदस्यों के लिए । अगर इस प्रकार का विधेयक होता तो चाहे सांसद हों या प्रधान मंत्री हों या मंत्री हों, वह आज कम से कम इस देश की जनता के सामने संदेह के घेरे में नहीं होते । लेकिन मैंने शुरू में ही आक्षेप किया कि सरकार की मंशा ठीक नहीं है । लोकपाल विधेयक यहां पर प्रस्तुत किया गया गत वर्ष, पर लोकपाल विधेयक में प्रधान मंत्री को उसकी परिधि से हटा दिया गया । तो प्रधान मंत्री कोई ऐसे व्यक्ति तो नहीं होते, कोई भी व्यक्ति हो प्रधान मंत्री, मैं नाम नहीं लेना चाहता, लेकिन जो देश का प्रधान मंत्री है, उसको भी लोकपाल की परिधि में रखना चाहिए । लेकिन सरकार जो लोकपाल विधेयक लाई उसमें मंत्रियों को रखा और लोगों को भी रखा, शायद बड़े-बड़े सरकारी कर्मचारियों को भी रखा, लेकिन लोकपाल विधेयक की परिधि से प्रधान मंत्री को बाहर कर दिया ।

कर्नाटक के मुख्य मंत्री हैं श्री राम कृष्ण हेगडे, वहां भी लोकपाल विधेयक पारित किया गया, लेकिन कर्नाटक के मुख्य मंत्री, जनता पार्टी के—लोकपाल विधेयक जब लाया गया, तो उसमें जहां उन्होंने मंत्रियों को रखा, मुख्य मंत्री को भी रखा, लेकिन यहां पर लोकपाल विधेयक से... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): It is now before the Joint Select Committee.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं तो मंशा पर जा रहा हूं । ज्वांइट सिलेक्ट कमेटी में इसी से गया है कि प्रधान मंत्री को लाया जाये या न लाया जाए क्योंकि बहुत से विरोधी पक्ष के सदस्य जिनमें मैं भी सम्मिलित था, हम लोगों ने यहां पर संशोधन पेश किया कि लोकपाल विधेयक की परिधि में प्रधान मंत्री को भी रखा जाए क्योंकि प्रधान मंत्री कानून से ऊपर तो हैं नहीं, तो तब वह गया संयुक्त प्रवर समिति में ।

तो मैं निवेदन कर रहा था सरकार की मंशा की ओर कि सरकार की मंशा इस मामले में साफ नहीं है, सरकार इस देश में जो भ्रष्ट राजनीतिज्ञ हैं, उनके काले कारनामों को छिपाना चाहती है, सरकार इस देश में जो भ्रष्ट मंत्री हैं, उनके काले कारनामों को छिपाना चाहती है और इसलिए सरकार ने इस सिलसिले में आज तक कोई भी कदम नहीं उठाया है ।

[उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) पीठासीन हुए]

तो, मान्यवर, मैं निवेदन कर रहा था कि अगर इस किस्म का विधेयक होता इस देश में और इस तरीके का कानून होता, तो 8 अगस्त को इस देश की लोक सभा में खड़े होकर प्रधान मंत्री को इस प्रकार का वक्तव्य नहीं देना पड़ता कि हमारे परिवार के लोगों ने कमीशन के रूप में बोफोर्ज के मामले में कोई रकम नहीं पाई है, क्योंकि अगर विधेयक होता, तो प्रधान मंत्री जो अपने असेट्स और लायबिल्टीज का डेकलेरेशन भरते होते, तो उसको प्रस्तुत कर देते ।

यही कारण है कि आज देश के राजनीतिज्ञों को शक-शुबह की दृष्टि देखा जाता है और इसलिए बिना किसी के ऊपर लांछन लगाए हुए, बिना किसी के ऊपर आरोप लगाए हुए, बहुत ही साफ दृष्टि से, बहुत ही साफ नीयत से मैंने इस विधेयक को प्रस्तुत किया है, इस

आशा और विश्वास के साथ कि हमारे देश की आजादी की लड़ाई में जो पवित्र सिद्धांत थे, जिन आदर्शों को लेकर के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने और अन्य बड़े-बड़े राष्ट्रीय नेताओं ने इस देश की आजादी की लड़ाई को लड़ा, उनको पूरा करने के लिए हमको आज संकल्प लेना चाहिए और कम से कम दो-चार राजनीतिज्ञ तो भ्रष्ट होते ही हैं, लेकिन उनकी भ्रष्टता के कारण तमाम राजनीतिज्ञों को लोग भ्रष्ट निगाह से देखते हैं, जैसे सारे राजनीतिज्ञ बेईमान हो गये हैं । रेलगाड़ी में आप चले जाइये, बस में चले जाइये, किस प्रकार की चर्चा होती है ।

तो मेरा पूरा विश्वास है कि यदि इस प्रकार का विधेयक सरकार पहले लाई होती, जिस प्रकार का आश्वासन दिया है, तो कम से कम इस देश का जो सार्वजनिक जीवन है, वह साफ होता, शुद्ध होता और राजनीतिक लोगों का जो आचरण है, वह भी शुद्ध होता और अंत में मैं पुनः इस बात की उम्मीद करता हूं कि जो सदस्य इसमें भाग लेंगे, वह हमारे इस विधेयक का समर्थन करेंगे और सरकार के ऊपर इस बात का दबाव डालेंगे और मैंने शुरू में भी निवेदन किया कि माननीय राज्य मंत्री, श्री चिंतामणि पाणिग्रही जी की नीयत बहुत साफ है, बहुत दिनों से यह राजनीति में रहे हैं, लेकिन बहुत ही उच्च श्रेणी के राजनीतिज्ञ हैं, निहायत ईमानदार हैं और जब इस प्रकार के ईमानदार राजनीतिज्ञ के हाथ में आज राज्य गृह मंत्रालय है और जो इस विधेयक के बारे में उनको सुनने का मौका मिल रहा है, तो कम से कम जिस तरीके से यहां नीहार रंजन सरकार ने 1983 में आश्वासन दिया था, उस आश्वासन की पूर्ति आज तक नहीं हुई है ।

तो मैं पाणिग्रही जी से जो मंत्री होने के अतिरिक्त लोक सभा के सदस्य भी हैं, उनसे निवेदन करना चाहता हूं कि वह स्वयं सरकार पर दबाव डालें कि इस प्रकार का विधेयक जल्दी ही इस सदन में पारित हो । जब किसी को गिरफ्तार करना होता है, राजनीतिक लोगों को, तो रात भर में आ जाता है अध्यादेश हिंदुस्तान के संविधान के अनुच्छेद 123 के अंदर कर देते हैं । सुबह उठे हम लोग पता लगा कि नैनी जेल में हैं बेबी साहब गए हुए किसी जेल में रेड्डी साहब किसी जेल में तो जब अध्यादेश आप लाते हैं राजनीतिज्ञों को पकड़ने के लिए, जेल भेजने के लिए, उनको डिटेन करने के लिए तो कम से कम इस देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जो मंशा थी, इच्छा थी, आकांक्षा थी उसके अनुरूप काम करने के लिए मुझे पूरी आशा है कि इस प्रकार का विधेयक श्री पाणिग्रही के संरक्षण में अवश्य प्रस्तुत होगा और मेरे ही विधेयक को स्वीकार कर लें तो इससे बढ़कर और क्या बात हो सकती है । इन शब्दों के साथ मैं पुनः इस आशा के साथ बैठता हूं कि जो माननीय सदस्य इसमें भाग लेंगे, मेरे विधेयक का समर्थन करेंगे, और उनके समर्थन के फलस्वरूप मेरे इस विधेयक को स्वीकार किया जाएगा । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) श्री रामेश्वर ठाकुर ।

श्री रामेश्वर ठाकुर (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मंत्रियों तथा संसद सदस्यों की आस्तियों और दायित्वों की घोषणा और प्रकाशन विधेयक, 1986 के संबंध में जो बातें अभी हमारे माननीय सदस्य श्री सत्य प्रकाश मालवीय जी ने सदन के सम्मुख प्रस्तुत की हैं उन्हें मैंने गौर से सुना है । इस विधेयक के संबंध में जो उद्देश्य लिखे गए हैं स्वस्थ लोकतंत्रीय प्रणाली के लिए लोकजीवन की शुद्धता तथा ईमानदारी अनिवार्य है, जनता के प्रतिनिधियों को संदेह से परे होना चाहिए इत्यादि । इसमें कोई शक नहीं है उद्देश्य जिस रूप में लिखा गया है यह सराहनीय है । सार्वजनिक जीवन में जो भी लोग हैं चाहे संसद हैं अथवा मंत्री हैं या राज्यों में विधायक हैं यह उनके लिए आवश्यक है कि उनका सार्वजनिक जीवन स्वच्छ हो और उनके

[श्री रामेश्वर ठाकुर]

कार्य, उनके व्यवहार इस प्रकार के हों जो आम जनता में विश्वास योग्य हों और उन्हें किसी प्रकार से दूसरे लोग उंगली नहीं दिखाएं । हम और आप सभी जानते हैं, इसका उल्लेख भी किया गया कि महात्मा गांधी और दूसरे वरिष्ट राष्ट्रीय नेताओं के नेतृत्व में इस देश में जो आजादी प्राप्त की गई उस आजादी की लड़ाई के समय लाखों और हजारों लोग उसमें सम्मिलित हुए, उन्होंने बड़ी-बड़ी कुरबानियां कीं, बहुत अच्छे-अच्छे पदों पर लोग थे जिन्होंने उनका परित्याग किया, विदेशी वस्त्रों का परित्याग किया, बहुत से लोग जिन्होंने जुर्माने भरे, बहुतों के मकान गिरवी हुए, जमीनें बेची गई और दूसरी तरह की अनेकों यातनाएं दी गई, उन विषम परिस्थितियों में भी जिन महान आदर्शों को महात्मा गांधी ने हमारे सामने रखा सत्य और अहिंसा के आदर्श उसे हम और आप सभी जानते हैं और उसके आधार पर यह विश्व के इतिहास में सब से बड़ी घटना है कि सत्य और अहिंसा के आधार पर और सत्याग्रह के आधार पर उन्होंने इतने बड़े सशक्त विदेशी शासक को बाध्य किया कि वह यहां से चले गए और देश को आजादी मिली । उस सार्वजनिक जीवन से जुड़े हुए जो पुराने लोग हैं जिन्होंने आजादी की लड़ाई में भाग लिया है, जिसमें सम्मिलित होने का एक विद्यार्थी के रूप में मुझे भी सौभाग्य प्राप्त था, मैं जानता हूं देश में ऐसे अभी भी बहुत से लोग बचे हुए हैं जो विभिन्न राज्यों में या इसी संसद में काम कर रहे हैं, सार्वजनिक जीवन में वे उन मान्यताओं को अपने जीवन में मानते हैं और अधिकांश लोग इसका आचरण भी करते हैं । मैं यह जानना चाहता हूं माननीय सदस्य से कि बिल में विधेयक में जो त्रुटियां हैं, जो कमियां हैं मेरी नजर में, कानूनी दृष्टि से भी मालूम होता है, व्यवहारिक दृष्टि से मालूम होता है,... । यह दृष्टि से मालूम होता है, उसका उल्लेख मैं करूंगा । लेकिन इसके पहले जो मूल मुद्दों पर उन्होंने प्रकाश डाला है उसके संबंध में मुझे दो शब्द कहने हैं । वह यह कि क्या हम केवल जिनकी जो स्थिति है उसका उल्लेख करके, उसे हम उसका प्रकाशन करके हम स्वच्छ जीवन बिता सकेंगे । यह हमारे लिए एक आधार हो सकता है, लेकिन उससे बड़ी बात, बुनियादी बात है कि हम और आप किसी भी राजनीतिक पार्टी से जुड़े हुए जो भी व्यक्ति हैं, जो सार्वजनिक जीवन में लगे हुए हैं और भले ही साधारण कर्मी किसी भी राजनीतिक पार्टी के हैं, उनका सार्वजनिक जीवन महत्वपूर्ण हैं । सार्वजनिक जीवन स्वच्छ रखने का दायित्व सर्वप्रथम उनका है और उसका दायित्व उस पार्टी के ऊपर भी है, उसका दायित्व हमारे पूरे समाज पर है, हमारी पूरी व्यवस्था पर है । केवल हम संसद में या उससे बाहर स्वयं जो लोग सार्वजनिक जीवन में लगे हुए हैं, वे दूसरे लोगों के सार्वजनिक जीवन को आमतौर से कहें कि यह बिल्कुल भ्रष्टाचार से भरा हुआ है, मैं समझता हूं कि यह कोई जिम्मेवार लोगों का रास्ता नहीं है । मैं बहुत नम्रता से कहना चाहता हूं कि हम लोग जो सार्वजनिक जीवन में लगे हुए हैं, जैसा मैंने कहा, व्यक्तिगत रुप से अपने हृदय को टटोले, अपने जीवन को देखें, अपने कार्य को देखें, हम अपने व्यवहार को देखें और देखें कि हम क्या कर रहे है स्वयं । बिना किसी प्रमाण के, बिना किसी कारण हम जब किसी दूसरे पर आरोप डालें, कीचड़ उछालें तो हम समझते हैं कि हम सार्वजनिक जीवन को धूमिल कर रहे हैं । अभी जैसा हमारे मित्र, माननीय सदस्य ने कहा कि बस में भी लोग इसकी चर्चा करते हैं तो क्या उसके लिए हम जिम्मेदार नही हैं । हम यहां बैठकर स्वयं सांसद होकर दिन-रात इस की चर्चा करें, एक-दूसरे पर कीचड़ उछालते रहें और बिना प्रमाण के सब को भ्रष्ट कहते चलें, तो क्या यह अच्छी बात है ? व्यावहारिक दृष्टि से कानूनी दृष्टि से, नैतिक दृष्टि से हमारा यह दायित्व और कर्त्तव्य है कि हम में से जो व्यक्ति सार्वजनिक जीवन में लगे हुए

हैं, वह देखें कि हम कोई ऐसा काम तो नहीं करते हैं जिससे हमारा सार्वजनिक जीवन धूमिल हो । उसमें यह बात भी सम्मिलित है, जिसको हम स्वयं स्वच्छ रखने की कोशिश करें । हम दूसरों की स्वच्छता और उनके स्वच्छ जीवन पर भ्रष्टाचार का आरोप तभी लगाएं, जब हमारे पास कोई प्रमाण हो । जब हमारे पास कोई सही प्रमाण हो, तभी हम बात करें ।

हम यह भी चाहेंगे, महोदय, कि यह हमारी व्यवस्था होनी चाहिए, राजनीतिक व्यवस्था भी कि जो भी राजनीतिक जीवन के लोग हैं, उनका एक कोड आफ कण्डक्ट जिसको अंग्रेजी में कहते हैं, सार्वजनिक जीवन का हमारा होना चाहिए, एक संहिता । उस संहिता के आधार पर हमारे जो भी लोग सार्वजनिक जीवन में लगे हुए हैं, उनका यह दायित्व और कर्त्तव्य है कि हम उस संहिता का अच्छी तरह से पालन करें । हम ऐसी शपथ लेते हैं, जिसमें हम पूरे जीवन में, जो मूल भावना है, उसकी शपथ लेते हैं । जब हम शपथ लेते हैं तो हमारी यह जिम्मेदारी है कि उसमें जो भाव सार्वजनिक जीवन के लिए अपेक्षित हैं, उसका हम आदर करते हैं, कटिबद्ध हैं कि हम उनका पालन करेंगे और अगर पालन में कोई कमी होती है, त्रुटि होती है तो हमारा कर्त्तव्य और दायित्व है कि हम स्वयं उसे पूरा करें । अपने मित्रों से, अपने साथियों से, अपने सांसद मित्रों से, अपनी पार्टी के सदस्यों से और गैर पार्टी के लोग भी हैं, यह कोई पार्टी का सवाल नहीं है, यह सार्वजनिक सवाल है, से कहना चाहूंगा कि हम में से कोई भी चाहे इधर का हो या उधर का हो इस बात के लिए खुश होता है कि हम किसी की बड़ी तेजी के साथ आलोचना करते हैं तो हम नहीं समझते कि हम कोई जिम्मेदारी से उस काम को कर रहे हैं । मैं मानता हूं, हममें से कुछ लोगों में इस प्रकार की बुराई आई है, कुछ भ्रष्टाचार में सम्मिलित हुए हैं । मैं यह नहीं कह रहा हूं कि सभी लोग भ्रष्ट हैं । मेरा कहना यह है कि यदि हमारा सार्वजनिक जीवन स्वस्थ हो तो उसके लिए हमारा कर्त्तव्य है कि इसे हम अपने कार्यों से शुरू करें और चाहे ऐसा कोई भी व्यक्ति हो, चाहे वह साथी हो उसको राजनीतिक रूप से परेशान करने के लिए या उसका राजनीतिक लाभ उठाने के लिए अगर हम भ्रष्टाचार की बात करते हैं तो वह उचित नहीं है । भ्रष्टाचार तो भ्रष्टाचार है, वह तो सबके लिए गलत है । उसके विरुद्ध तो हम सब को लड़ना ही चाहिए, उसको तो विरोध होना ही चाहिए । हमारे सार्वजनिक जीवन का यह महत्वपूर्ण अंग है । लेकिन राजनीतिक दृष्टि से यदि हम उसका प्रचार और प्रसार करते हैं तो वह उचित नहीं है ।

दूसरी बात यह है कि हमारा समाज बहुत बड़ा है । हममें से जिन को मालूम है हमारे बहुत से ऐसे साथी हैं इस सदन में और दूसरे सदन में जो स्वच्छ जीवन व्यतीत करते हैं । जैसे आपने अभी कहा हमारे मंत्री श्री पाणिग्रही जी के बारे में कि वह बहुत ही आदर्श व्यक्ति हैं, स्वच्छ जीवन बिताते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि हमारे अधिकांश सदस्य अच्छे हैं, स्वच्छ जीवन व्यतीत करने वाले हैं, जो बहुत कठिनाई से अपना जीवन बिता रहे हैं, जिनके पास अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए भी साधन नहीं हैं, जो अपनी संपत्ति बेचकर भी अपनी मर्यादा निभा रहे हैं । ऐसे सदस्य हैं जो सादा जीवन बिता रहे हैं, क्या उनके बारे में हमको कुछ नहीं कहना चाहिए ? यदि कुछ लोग ऐसे काम करते हैं या गलत काम करते हैं तो उसके लिए सब को खराब कहना, सब को भ्रष्ट कहना, ऐसी धारणा लोगों में पैदा करना भी उचित नहीं है । ऐसी भ्रांति लोगों में पैदा करना जिम्मेदारी का काम नहीं है । हमारा यह कर्त्तव्य हो जाता है, हमारा यह दायित्व हो जाता है कि यदि कोई ऐसा गलत काम करता है तो उसको सामने लाना चाहिए । जो ऐसा काम करता है जो भ्रष्टाचार से संबंधित है तो उसकी छानबीन हम करें

[श्री रामेश्वर ठाकुर]

और अगर वह ठीक पाया जाए, उसका आरोप सिद्ध हो जाए तो उसके विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए ।

महोदय, हमारे प्रधान मंत्री जी ने इस हाउस में और हाउस के बाहर भी कहा है कि यदि कोई भ्रष्टाचार करता हुआ पाया जाएगा तो उसको सजा दी जाएगी । मैं समझता हूं कि हमारी जो भी कानूनी व्यवस्था है वह नीचे से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक, उच्चतम न्यायालय तक है, उसमें किसी के लिए कोई भेद नहीं है । हमारा कानून ऐसा है जिसमें कोई भेद नहीं है । हमारी नीति में कोई भेद नहीं है । हमारे राजनीतिक जीवन में कोई भेद नहीं है । सवाल यह है कि हम किस तरह से उसे लागू करते हैं ? केवल शकी शुबहा पर हम किसी के विरोध में यहां पर कुछ कहें तो वह ठीक नहीं है । यह लोकतंत्रीय प्रणाली के लिए ठीक नहीं है । हमारे यहां विभिन्न पार्टियों का शासन है और यहां तक कि राजनीतिक परिवर्तन पहले भी आया है और हम जानते हैं कि हमारे सामने बहुत सी समस्याएं हैं जिनका हमें सामना करना है । मैं बहुत जिम्मेदारी से कहना चाहूंगा कि हमारे यहां अधिकांश लोगों का सार्वजनिक जीवन स्वच्छ है, हमारे हरिजनों का, हमारे आदिवासियों का जीवन स्वच्छ है और यहां दिल्ली में आने के बाद भी हमारी व्यवस्था के अंदर उनको अनेक सुविधाएं मिली हैं, फिरभी यह कहना ही गलत है कि हमारे आमलोग भ्रष्ट हैं । यदि कुछ लोग ऐसे हैं जो भ्रष्ट हैं तो उनको आत्म निरीक्षण करना चाहिए और अपना जीवन बदलना चाहिए लेकिन संपूर्ण सार्वजनिक जीवन ही दूषित हो गया और इसकी जनरल रिपोर्ट हमारे विशेषज्ञों ने बताई, तो उनको पढ़कर हमें गुमराह लोगों को नहीं करना चाहिए कि 1981 से 86 तक जो रिपोर्टें आई उनमें आर्थिक व्यवस्था की बात है । उन रिपोर्टों की चर्चा संसदीय कमेटियों में गई । अतः उनको राजनीतिक जीवन के सांसदों के साथ जोड़ना उचित नहीं होगा । असर पड़ता है उसका । यह महत्वपूर्ण सवाल है । काले धन का जो सवाल है देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण सवाल है । इस पर बहुत चर्चा हुई । जो हमारी आर्थिक व्यवस्था में त्रुटियां हैं उनको दूर किया जाना चाहिए । कुछ लोग ऐसे हैं जो इसका नजायज फायदा उठाते हैं उनके साथ रियायत नहीं बरती जानी चाहिए । कड़ी से कड़ी सजा कानून में उनके लिए होनी चाहिए । इस सदन में और उस सदन में भी इस बारे में कानून पास हुआ है । विभिन्न वर्षों में आप देखेंगे कि इस पर प्रचलन भी हुआ है । लेकिन इसके बावजूद भी वह ऐसी बीमारी है कि जड़ों में घुसी हुई है जिसकी वजह से नुकसान हुआ है देश की अर्थ व्यवस्था को । इसके लिए कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए । जो काले धन में लगे हुए हैं या इस तरह से विदेश से स्मगलिंग का काम करते हैं उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए । लेकिन उसकी चर्चा अलग से ही सकती है । लेकिन जो आपने रखी है और हम यह कहें कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले सभी जन प्रतिनिधि इस प्रकार भ्रष्ट हो गये हैं यह ठीक नहीं है । दूसरे आपने प्रकाशन की बात कही । वह भी उचित नहीं है । सारे देश में जिनके पास अधिक पैसा है वह इन्कम टेक्स देता है और देना चाहिए । यह मान्यता है । जो नहीं देता है उन पर कार्रवाई भी की जाती है । यदि कोई ऐसा पाया जाता है उसको कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है ।

अब मैं इस विधेयक के कुछ पहलुओं पर कहना चाहूंगा । पहली बात यह है कि सम्पत्ति जो है उसका विवरण हम तैयार करें । सम्पत्ति के विवरण की जो व्याख्या की गयी है वह बहुत दोषपूर्ण है । इससे कुछ नहीं हो सकेगा । आपने जो व्याख्या की है सम्पत्ति की वह बहुत संकुचित है । लेकिन जो सम्पत्ति का कानून बना हुआ है उसमें बड़ी व्यापक व्याख्या है । जो व्याख्या आपने रखी है उस आधार पर सारी सम्पत्ति नहीं आयेगी ।

दूसरी बात आप यह कहते हैं— आनर्स मोर्टगेजर, लैसर, जैसी, अदर-वाइस। अदरवाइस का क्या मतलब है अदरवाइज कहने से, वेग रहने से कुछ नहीं होगा। जो सार्वजनिक जीवन में है, किसी ट्रस्ट का मैम्बर है उसमें उसकी निजी सम्पत्ति नहीं है। जो स्पेसिफिकली आपको बताना चाहिए किस, किस का। फिर आप कहते हैं कि इंटरेस्ट इन एनी बिजनेस, ट्रेड और इंडस्ट्रियल और कामर्शियल वेन्चर, यह भी दोषपूर्ण है। यह बहुत संकुचित है इससे कुछ नहीं होगा। इसमें आपने दूसरे प्रोफेशंस नहीं लिये हैं। इसमें आपको लेने चाहिए। आप स्वयं वकील हैं, दूसरे लोग भी हो सकते हैं, प्रोफेशनल इसमें नहीं आया। इसलिए यह डिफेक्टिव हो गया।

दूसरे क्लाज में आप कह रहे हैं— एनी सम आफ मनी, इन एक्सैस आफ फाइव थाउजेंड रुपीज केप्ट इन कैश और एनी अदर फोर्म। इन-कैश कहना काफी नहीं है। अदर फार्म जो नीचे कहा है वह भी बहुत संकुचित है। इसमें आप कह रहे हैं बैंक बैलेंस। बैंक बैलेंस कई आदमी कम्पनी डिपोजिट्स में रखते हैं। उसका क्या होगा? वह इसमें क्यों नहीं है? इससे बहुत ज्यादा व्यापक व्याख्या इन्कम टेक्स कानून में है, सम्पत्ति कर कानून में है और दूसरी जगहों पर है। इसको आपको व्यापक करना चाहिए था। इसलिए हम कहते हैं कि यह दोषपूर्ण है इसको दूर करना पड़ेगा। इसमें आपने कहा है कि शेयर्स, स्टाक्स, डिबेंचर्स एंड अदर सेक्योरिटीज। आगे कहा है मोटर व्हीकल्स। मोटर व्हीकल्स में दूसरी प्रकार की गाड़ियां भी होती हैं। उनका क्या होगा? इसलिए यह अधूरा है। इसमें मान लीजिए एडवांसेज देते हैं, बैंक डिपोजिट्स हैं कम्पलसरी डिपोजिट्स हैं, कम्पनी डिपोजिट्स हैं जो इसमें नहीं आया है। जो लोग रिटर्नर दाखिल करते हैं वह सब उसमें भरते हैं, दिखाते हैं। दोषपूर्ण विधेयक रखने से काम नहीं चलेगा। फेमिली मैम्बर्स की व्याख्या की गयी है। इसमें आया है जो पति-पत्नी हैं, या जो छोटे बच्चे हैं लेकिन मैं जानना चाहता हूं कि इससे क्या कुछ होने वाला है? इसके आखिर में कह दिया कि कोई अन्य व्यक्ति जो उसका नातेदार, चाहे रक्त से या विवाह के आधार पर, हो तथा पूर्णतः उस पर आश्रित हो अथवा न हो। रिश्तेदारी तो बहुत बड़ी होती है। आप जानते हैं किसी भी समाज में, किसी भी सम्प्रदाय में, हिन्दू समाज में भी रिश्तेदारों की एक बहुत बड़ी लिस्ट होती है। इस तरह से नहीं चलता है। कानून में रिश्तेदार हो तो उसकी व्यवस्था कानून में होती है। उसमें दिया हुआ होता है कि रिश्तेदार कौन हैं। कम्पनी कानून में इस प्रकार की व्यवस्था है। रिश्तेदार कौन हैं, ब्रदर-इन-ला, सिस्टर-इन-ला आदि आदि। इसी प्रकार से पीढ़ी का सवाल आता है, चार पीढ़ी, पांच पीढ़ी, सात पीढ़ी, इन सब के बारे में सोचना पड़ेगा। विवाह के संबंध में भी बहुत मान्यताएं हैं। शादी में लोग जाते हैं। कानून में इन सब बातों के बारे में सोचना पड़ता है। क्या आप चाहते हैं कि कोई भी अपने सब रिश्तेदार के नाम लिखे? माननीय सदस्य से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या वे अपने सभी रिश्तेदारों के नाम देना चाहेंगे? क्या यह बात व्यावहारिक होगी? क्या वे सब नाम अध्यक्ष को दे सकेंगे? इस प्रकार के दोषपूर्ण और त्रुटिपूर्ण विधेयक से काम नहीं चल सकता है। किस-किस को रिश्तेदार मान सकते हैं। इन्कम टेक्स कानून में इसकी व्याख्या दी हुई है। धार्मिक दृष्टि से भी और दूसरी दृष्टियों से भी यह संभव नहीं है। तर्पण भी हिन्दुओं में आश्विन

[श्री रामेश्वर ठाकुर]

मास में किया जाता है, किस का किया जाता है, कितनी पीढ़ियों का किया जाता है, पिता, पितामह आदि, ये सब प्रश्न ऐसे हैं जिनको विचार करना पड़ेगा । यहां तक भी कहा गया है कि सगोत्री के साथ विवाह नहीं हो सकता है और सगोत्री में भी कितनी पीढ़ियों तक नहीं हो सकता है, इस सब का उल्लेख है । अगर कोई सीमा नहीं रहेगी तो फिर कानून में काम कैसे चलेगा ? हमारा कानून ऐसा होना चाहिए जो व्यावहारिक हो ।

